दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ड्यूटी से गायब रहने वाले आरक्षक को एसपी ने किया सेवा से बर्खास्त

रायगढ़ (आरएनएस)। अपने कर्तव्य से लगातार गैरहाजिर रहने वाले आरक्षक को पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कल बर्खास्त कर दिया। आरक्षक 516 दिनों से डियुटी से गैरहाजिर था थाना सरिया में पदस्थ आशीष तिग्गा की ड्यूटी 11जनवरी 16 को उच्च न्यायालय बिलासपुर सुरक्षा ड्यूटी में लगे आरक्षक को तब्दील करने के लिये लगाई गई थी। आरक्षक आशीष तिग्गा ड्यूटी जाने के लिये 11जनवरी को ही रक्षित केन्द्र रायगढ़ आया, जहां से उसे हाई कोर्ट बिलासपुर सुरक्षा ड्यूटी जाने के लिये रक्षित केन्द्र से ड्यूटी सर्टिफिक्रेट दिया गया था किन्तु आरक्षक अपनी ड्यूटी पर न जाकर 516 दिनो तक गैरहाजिर रहा, उसके बाद 9जून17 को ड्यूटी के लिये रक्षित केन्द्र आया। आरक्षक के विरूद्ध कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर रहने के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राथमिक जांच/विभागीय जांच कराई गयी ।

### सखी वन स्टाप ने परेशान भटकती, महिला को परिजनों से मिलवाया

रायगढ़ (आरएनएस)। सखी वन स्टॉप सेन्टर महिला एवं बाल विकास रायगढ ने एक भटकी हुयी महिला को उसके पति व परिजनों से मिलवाने में अहम भूमिका निभाई महिला 13 नवम्बर की रात 12.40 बजे पुलिस को गोरखा गांव में मिली थी महिला की सूचना पुलिस हेल्पलाईन-112 के माध्यम से मिली थी जिसे रात को 1.20 बजे सखी वन स्टाप सेन्टर पहुंचाया गया । महिला हिन्दी नहीं समझती थी और खाना भी नहीं खा रही थी। सखी वन स्टॉप द्वारा मराठी के जानकार व्यक्ति को बुलाकर महिला की जानकारी ली गई। बातचीत के दौरान पता चला कि वह मुख्य पोस्ट बिन्चुरे, तहसील-सताणा, जिला-नासिक महाराष्ट्र की है। विदित हैं कि सुरूबाई मोरे 5-6 वर्ष पूर्व अपने घर से बाहर निकल गई थी और भटकते हुए रायगढ़ पहुंची थी। सखी द्वारा महिला के बताए हुए पते की महाराष्ट्र पुलिस को जानकारी दी।

### व्यय लेखा प्रशिक्षण 21 दिसम्बर एवं बैठक 6 जनवरी को

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 के परिणामों की घोषणा के 30 दिवस के भीतर प्रत्येक अभ्यर्थी एवं प्रत्याशी को निर्वाचन व्यय लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है एवं 26 वें दिन जिला व्यय लेखा समाधान समिति की बैठक तथा 23 दिन के भीतर अंतिम व्यय लेखा तैयार करने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। उक्त अधिनियम के परिपालन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रायगढ़ में 21 दिसम्बर 2018 को पूर्वान्ह 11 बजे व्यय लेखा प्रशिक्षण एवं 6 जनवरी 2019 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे व्यय लेखा समाधान समिति की बैठक आहूत की गई है। जिसमें अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा पूर्ण करने संबंधी प्रशिक्षण तथा व्यय लेखा अंतर समाधान किया जाना है।

### नवीन विद्यालय प्रारंभ करने हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

रायगढ़। रायगढ़ जिले के अंतर्गत संचालित मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय सत्र 2019-20 के मान्यता नवीनीकरण हेतु अपने सहायक नोडल अधिकारी/ प्राचार्य से विद्यालय का निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन एवं दस्तावेज 31 दिसम्बर 2018 तक जमा कर सकते है एवं विद्यालय का नवीनीकरण करा सकते है।

# पुलिसिया कार्रवाई से बचने बाइक चालकों में लाइसेंस के प्रति बढ़ा रुझान




रायगढ़। प्रदेश भर में परिवहन विभाग द्वारा प्लास्टिक कार्ड कागज पर बने उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस को माइक्रोचिप नए बनाने की प्रक्रिया गत वर्ष आरंभ किया गया था। इसके अलावा लाइसेंस बनाने में होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए आधुनिक सिस्टम के साथ साथ आनलाइन प्रक्रिया एवं सारथी एप के माध्यम से लाइसेंस बनाए जाने की कवायद की गई। वही लाइसेंस की प्रक्रिया में फेरबदल व पूर्व में जटलिता को सरल करने के लिए शासन द्वारा अनलाइन प्रक्रिया के तहत लाइसेंस बनाया जा रहा। परंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आनलाइन लाइसेंस बनवाना लोगो के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। जिसमें इस वर्ष 3766 लाइसेंस सभी प्रकार का बन पाया है। गत वर्ष की तुलना में मोटरसाइकिल धारक इस बार अधिक संख्या में लाइसेंस बनवाये है। जिसका मुख्य कारण लगातार पुलिस विभाग द्वारा बिना लाइसेंस धारकों पर गाज गिरा रही है। वही शासन द्वारा पुराने कागज वाले लाइसेंस का नवीनीकरण करके माइक्रो चिप युक्त लाइसेंस बनाया जाना था। परंतु इसमें धारकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाए जिससे उनका लाइसेंस समयावधि समाप्त होने पर रदद् हो गया।

शासन द्वारा नियम को सरल करने के लिए आनलाइन प्रक्रिया आरम्भ तो कर दिया परंतु इससे लोग अंजान है। आलम यह है कि दफ्तर का चक्कर काटने के बजाए दलाल के माध्यम से लाइसेंस बनवाना उचित समझ रहे है।

**पुलिसिया जुर्माना से बचने बनाने लगे लाइसेंस**

गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व हेलमेट की अनिवार्यता लागू होने के पश्चात यातायात से लेकर सम्बंधित थाना क्षेत्र के प्रभारियों द्वारा लगातार अभियान चलाकर कागजो की जांच पड़ताल किया गया। जिसमें कार चालक से लेकर दुपहिया चालक के पास लाइसेंस व अन्य जरूरी दस्तावेज अप्राप्त रहा। जिससे जुर्माना लगया गया। यह जुर्माना पुनः नही पटाया जाए इसके लिए लोग आरटीओ का रुख करते हुए लाइसेंस बनाने लगे। इसका नतीजा यह है कि दोपहिया से लेकर चारपहिया लाइसेंस विभागीय आकड़ो में इजाफा हो गया।

# लैपटप व मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये रिमाण्ड पर





रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस ने इनकम टैक्स अधिकारी के सुने मकान मे चोरों ने जून माह में घर का ताला तोड़ते हुए लैपटाप सहित अन्य सामनो को चोरी कर ले जाने वाले दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

आयकर कालोनी चक्रधरनगर में रहने वाले वरिष्ठ टैक्स असिस्टेंट अधिकारी सूरज सिंह के अवकाश में रहने के दौरान उनके बंद क्वाटर से 23 से 29 जून के बीच अज्ञात चोर क्वाटर का ताला तोड़कर एक रेडमी मोबाईल एवं एक डेल कंपनी का लेपटाप चोरी कर ले गया था। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर तफ्तीश में लगी हुई थी। मामले में विवेचना के दौरान मनोज कुमार यादव पिता राम प्रसाद यादव उम्र 41 वर्ष निवासी बाजीरावपारा जूटमिल रायगढ़, कुमार पटेल पिता ननदाऊ उम्र 42 वर्ष निवासी जेल गेट के पास जूटमिल को मुखबिर के सूचना पर संदेह के आधार पर पूछताछ किया गया। वही संदेहियों से पूछताछ करने पर उन्होंने पहले तो हिल हवाला करने लगे वही जब पुलिस ने सख्ती बरती तो दोनों टूट गए। और रट्टू तोते की तरह अधिकारी के सुने घर मे चोरी करना स्वीकार किया है। वही दोनों आरोपियों से चोरी गई सामान को बरामद किया गया।

### 64 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 18 दिसम्बर से

रायगढ़। 64 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ में 18 से 22 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी जिसमें रोलबॉल बालक/बालिका 14 वर्ष, टेनिक्वॉइट बालक/बालिका 14 वर्ष तथा थाई बाक्सिंग बालक/बालिका 17 एवं 19 वर्ष को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से लगभग 1100 खिलाड़ी और 100 आफिशियल्स सम्मिलित होंगे।

# कलेक्टर के निर्देश पर अजय रेस्टोरेंट पर अधिकारियों का छापा गैस सिलेंडर जप्त

रायगढ़ (आरएनएस)। काउटिंग के दौरान अधिकारियों को बासी खाना सप्लाई करने वाले अजय केटर्स के रेस्टोरेंट पर आज प्रशासनिक अधिकारियों ने छापा मारकर दो गैस सिलेंडर जप्त किये हैं ।इसके अलावा बिजली की अनियमितता व खाद्य पदार्थो के सेंपल लिये गये जांच दल में खाद्य विभाग सहित फुड एंड सेप्टी निगम व बिजली विभाग के अधिकारी शामिल थे जांच में होटल में साफ सफाई नहीं पायी गयी वही मिलावट के संदेह में गुलाबजामुन का सेंपल लिया गया विदित हैं की 11 दिसंबर को काउटिंग के लिये सभी अधिकारियों मीडिया व पुलिस कर्मचारियों के भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी अजय केटर्स को दी गयी थी जिसने बासी और सड़ा हुआ खाना सप्लाई किया था इससे नराज कलेक्टर शम्मी आबिदी ने खाद्य विभाग को बुरी तरह फटकार लगाते हुये अजय केटर्स पर कार्यवाही के आदेश दिये थे उसी के तहत आज अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही की और मामला पंजीबध्द किया।

### सीनियर जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा 16 से

रायगढ़। छग बैडमिंटन संघ के खेल कलेन्डर अनुसार 18वीं स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंम्पियनशीप प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा रायपुर यूनयिन क्लब में 25 से 30 दिसम्बर तक किया जा रहा है।

जिसमें पुरूष एकल, पुरूष युगल, महिला एकल, महिला युगल, मिश्रित युगल की प्रतियोगिताए समाहित है। मेन ड्रा में एकल विजेता को शामिल किया जाएगा। शेष खिलाड़ी क्वालीफाई राउंड हेतु शामिल हो पाएगें। प्रवेश की अंतिम तिथि 19 दिसम्बर है। उक्त प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय पुरूष एकल, महिला एकल की प्रतियोगिता 16 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे चक्रधर क्लब में आयोजित की जाएगी।

खिलाड़ी 15 दिसम्बर शाम 05 बजे तक प्रविष्टी हेतु अकरम खान सचिव जिला बैडमिंटन संघ से संपर्क कर सकते है। तथा वेटरन प्रतियोगिता में जाने वाले इच्छुक खिलाड़ी 18 दिसम्बर तक अपनी छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के प्लेयर आईडी के साथ सचिव को प्रविष्टी भेज सकते है।

वेटरन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 जनवरी से गोवा में आयोजित है।

### 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

रायगढ़। शासन द्वारा गुरूघासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2018 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल-1 घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार) दुकानें तथा भण्डारण भाण्डागार पूर्ण रूप से बंद रखी जाएगी।

कलेक्टर ने संबंधित विभाग को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री ... श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ... एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षेत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं लोकहित ... के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में ... किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931